हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार, 19 अक्टूबर 2025


तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री


14 नाबालिग ने पीजीआई में दिया बच्ची को जन्म





15 पीजीआई में आर्म्सकान वेबसाइट लॉन्च ...









धनतेरस पर धन वर्षा : खरीदारी का सैलाब, बाजारों में दिनभर रही रौनक

## खूब चमका बाजार, करीब 100 करोड़ का कारोबार

### सोने-चांदी का कारोबार 35 करोड़ से ज्यादा

जमकर बिकी झाड़ू, चांदी के सिक्के, बर्तन और सजावट के समान की भारी डिमांड





हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

दीपावली उत्सव की शुरुआत धनतेरस के साथ शनिवार को हुई और शहर में मानो खुशहाली की बरसात हो गई। सुबह से ही लोग खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ पड़े और देर रात तक मुख्य बाजारों में चहल-पहल बनी रही। किला रोड, रेलवे रोड, शौरी मार्केट, डीपार्क, कैंप बाजार जैसे बाजारों में इतनी भीड़ रही कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। पुलिस ने जगह-जगह बेरिकेडिंग और ट्रैफिक नियंत्रण के इंतजाम किए, लेकिन लोगों की संख्या इतनी अधिक थी कि दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। सोने चांदी के जेवर, गाड़ियों, बर्तन, कपड़े सहित दैनिक जरूरत के सामान की सेल का आंकड़ा करीब 100 करोड़ आंका जा रहा है।

### शाम तक पैर रखने की जगह नहीं

दोपहर के बाद जैसे-जैसे भीड़ बढ़ती गई, शहर के मुख्य मार्गों पर भारी जाम लग गया। स्कूल बसों और दोपहिया वाहनों के बाजार में घुस आने से व्यवस्था बिगड़ती रही। पुलिस और ट्रैफिक विभाग के कर्मचारी लगातार किला रोड, झज्जर रोड, फोटो वाली गली से जाम खुलवाने में जुटे रहे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई बार पैदल मार्ग से वाहनों को हटाना पड़ा।

### 200 से अधिक गाड़ियां बिकी

धनतेरस पर ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी रिकॉर्ड बिक्री देखने को मिली। शहर के विभिन्न टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर शोरूम पर ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं। शोरूम संचालकों के अनुसार, जहां सामान्य दिनों में 30 से 40 वाहन बिकते हैं, वहीं धनतेरस पर यह संख्या 350 से 400 तक पहुंच गई। मारुति, टाटा और हुंडई एजेंसियों ने दिनभर में लगभग 200 से अधिक गाड़ियों की बिक्री का अनुमान जताया। अकेले रोहतक में ही 40 करोड़ से ज्यादा के वाहन बेचे गए।

### बर्तन की दुकानों पर भारी भीड़

शहर के बर्तन बाजारों में भी खरीदारों की लहर देखने को मिली। रेलवे रोड, किला रोड क्षेत्र के बर्तन भंडारों पर ग्राहकों की इतनी भीड़ रही कि दुकानदारों को अतिरिक्त स्टाफ लगाना पड़ा। लोगों ने स्टील, पीतल, तांबे, एल्यूमिनियम और कांसे के बर्तन जमकर खरीदे। दुकानदारों के अनुसार, अकेले जिले में ही करोड़ों रुपये का कारोबार हुआ। धनतेरस पर बर्तन खरीद को शुभ माना जाता है और इस परंपरा ने बाजार की रौनक और बढ़ा दी।

### लाइटों से झिलमिलाया शहर

शाम होते-होते पूरा शहर दीयों और लाइटों की जगमगाहट से नहा उठा। मंदिरों, घरों और सरकारी भवनों को रंगीन रोशनी से सजाया गया। परिवारों ने खरीदारी के बाद एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और बच्चों ने आतिशबाजी का आनंद लिया। धनतेरस के इस पर्व ने न केवल व्यापारियों की झोली भर दी, बल्कि आम लोगों के चेहरों पर भी मुस्कान बिखेर दी। वहीं, कपड़े की बाजारों में खूब खरीदारी हुई।

***गुलशन ईशपुनियानी, शौरी मार्केट प्रधान*** ने कहा कि कपड़े का बाजार भी बूम पर रहा। लोगों ने जमकर खरीदारी की।

### सर्राफा बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़

धनतेरस पर सर्राफा बाजार सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रहा। सोना-चांदी के भाव रिकॉर्ड स्तर पर होने के बावजूद लोगों में खरीदारी का उत्साह कम नहीं हुआ। ज्यादातर ग्राहकों ने चांदी के सिक्के, लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं, पूजन थालियां, चांदी के लोटे और नोट जैसी चीजें खरीदीं। सोना इस बार करीब 1.30 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी लगभग 1.82 लाख रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई।

***हेमंत बख्शी, प्रधान सर्राफा बाजार*** ने कहा कि रोहतक लोगों ने इस बार धनतेरस पर जमकर खरीदारी की।

### सांपला में धनतेरस पर बाजार में उमड़ी भीड़

शनिवार को धनतेरस पर बाजार में जमकर भीड़ रही। ज्वेलरी, ऑटोमोबाइल , इलेक्ट्रॉनिक्स ,बर्तन, किरयाणा की दुकान पर ग्राहक उमड़े। व्यापारियों का कहना था कि इस बार पिछले साल की तुलना में 20% ज्यादा कारोबार हुआ है। धनतेरस के साथ दीपोत्सव भी शुरू हो गया है । अब तीन दिन बाजार ऐसी खचाखच रहेगा। बाजार व अन्य मार्केट में इतनी भीड़ थी कि लोग एक दूसरे को स्टीक कर निकल रहे थे। धनतेरस को लेकर स्टील के बर्तनों के अलावा तांबे , काशी ,पीतल के बर्तनों की अधिक थी। सराफा बाजार में भी सोने -चांदी के सिक्कों, भगवान की मूर्तियों की डिमांड अधिक रही । वही रेडीमेड की दुकानों पर खरीदारी अच्छी थी।








महम बाईपास पर बड़ा हादसा

## तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार मां-बेटी को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

महम बाईपास पर शनिवार को एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार मां-बेटी की मौत हो गई। एक ट्रक ने उनकी स्कूटी को कुचल दिया, जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस को सूचना मिलते ही डीएसपी ऋषभ सोढ़ी और एसएचओ सुभाष मौके पर पहुंचे। मृतकों की पहचान गांव मिताथल निवासी 35 वर्षीय सुनीता और उनकी 12 वर्षीय बेटी परी के रूप में हुई है। सुनीता रिटायर्ड फौजी रवींद्र की पत्नी थीं और परी उनकी बेटी थी। हादसे के बाद स्कूटी ट्रक में फंसी हुई थी।

मृतका सुनीता के पति रवींद्र और उनका 8 वर्षीय बेटा एक कार में उनके पीछे ही चल रहे थे। जब वे घटनास्थल के पास पहुंचे, तो उन्होंने अपनी पत्नी और बेटी की स्कूटी को ट्रक के नीचे फंसा देखा। रवींद्र ने बताया कि उनकी बेटी परी केंद्रीय विद्यालय में सातवीं कक्षा में पढ़ती थी।

रवींद्र अपनी बेटी परी को स्कूल से घर लाने गए थे। इसके बाद, वे अपने बेटे के साथ रोहतक से खरीदारी करने गए। खरीदारी के बाद, सुनीता अपनी बेटी को स्कूटी पर लेकर गांव मिताथल के लिए निकलीं, जबकि रवींद्र अपनी कार से उनके पीछे आ रहे थे। महम बाइपास पर रोहतक की ओर से आ रहे एक ट्रक ने उनकी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पीजीआई के डेड हाउस में रखवा दिया है।




## खबर संक्षेप



### मस्तनाथ स्कूल में टीचर ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित

**रोहतक।** श्री बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल में क्षमता संवर्धन कार्यक्रम (CBP) के अंतर्गत "लाइफ स्किल्स" विषय पर एक दिवसीय टीचर ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण सत्र में विद्यालय के लगभग 60 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों में जीवन कौशल के विभिन्न पहलुओं जैसे- आत्म-जागरूकता, निर्णय क्षमता, संवाद कौशल, सहानुभूति, टीमवर्क एवं सकारात्मक दृष्टिकोण- को सशक्त बनाना था, ताकि वे विद्यार्थियों के समग्र विकास में अपनी भूमिका को और अधिक प्रभावी बना सकें।

### युवक को पटाखों सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** जिले में दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर रखते जिला प्रशासन द्वारा पटाखे की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है। थाना कलानौर की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए युवक को पटाखों सहित गिरफ्तार किया गया है। थाना कलानौर निरीक्षक सुलेन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्य सिपाही अजय के नेतृत्व मे पुलिस टीम गश्त मे मौजूद थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने सूचना पर तुंरत कार्रवाई करते हुए कलानौर से युवक को काबू किया गया। युवक की पहचान राहुल निवासी कलानौर के रुप में हुई।

### दीपावली को प्रदूषण रहित दिवाली मनाएं

**रोहतक।** हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट द्वारा शनिवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन कथूरिया ने कहा कि दीपावली दीपों का त्योहार है, इसलिए सभी मीडिया के साथी अपने परिजनों व मित्रों के साथ प्रदूषण रहित दिवाली मनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण की समस्या को ध्यान में रखते हुए केवल ग्रीन पटाखे का ही प्रयोग करें।

### पराली जलाने के खिलाफ चलाया अभियान

**रोहतक।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान के आदेशानुसार अक्टूबर माह में चल रहे कार्यक्रम हार्वेस्टिंग हार्मनी लीगल अवेयरनेस फॉर पॉल्यूशन फ्री फील्ड के अंतर्गत एक अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता द्वारा खेतों में धान की फसल को काटने के बाद पराली ना जलाने के लिए प्रेरित किया गया।

### दलबीर सिंह बने इनेलो की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य

**रोहतक।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में नया कदम उठाते हुए लेक्चरर दलबीर सिंह राणा को राज्य कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की सहमति से की गई है।

बाल कल्याण समिति ने ली अभिरक्षा

# नाबालिग ने पीजीआई में दिया बच्ची को जन्म

*60 दिन पूर्ण होने के पश्चात संबंधित परिजनों का लडकी पर कोई भी अधिकार नहीं होगा व बच्ची को गॉड प्रक्रिया में डालते हुए लीगली फ्री फॉर एडॉप्शन घोषित कर दिया जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाल कल्याण समिति में एक नवजात बच्ची को परित्यक्ता किया गया। पीजीआइएमएस रोहतक में हिसार से एक पोक्सो अधिनियम के तहत एक नाबालिग गर्भवती का मामला भेजा गया था, जिसमें उपचार के दौरान गर्भवती नाबालिग ने एक बच्ची को जन्म दिया। बच्चों के परिजनों की सहमति से बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एडवोकेट सतीश शर्मा व सदस्य उषा चावला, विकास अत्री के समक्ष बच्ची को सरेंडर करने की कार्रवाई पूर्ण करवाई गई।

■ अब संबंधित एजेंसी द्वारा ही बच्ची की देखरेख की जाएगी

इसके पश्चात समिति ने बच्ची को अपने अधिकार क्षेत्र में लेते हुए विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी चौधरी लखीराम में रखने के आदेश जारी कर दिए। अब संबंधित एजेंसी द्वारा ही बच्ची की देखरेख की जाएगी और समिति ने 60 दिन का समय नाम अनुसार संबंधित परिजनों को दिया है। यदि इस अवधि के दौरान हुए अपनी बच्ची को वापस लेना चाहते हैं, तो आवेदन करके निर्धारित प्रक्रिया के तहत वापस भी ले सकते हैं। 60 दिन पूर्ण होने के पश्चात संबंधित परिजनों का लडकी पर कोई भी अधिकार नहीं होगा और बच्ची को गॉड प्रक्रिया में डालते हुए लीगली फ्री फॉर एडॉप्शन घोषित कर दिया जाएगा।



### बच्ची को गोद ले सकते हैं दंपति

जिलाधीश सचिन गुप्ता ने सभी आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई माता-पिता किसी भी कारणवश अपने बच्चों का भरण पोषण करने में असमर्थ है, तो वह जिला विकास भवन के द्वितीय तल पर स्थित बाल कल्याण समिति के कार्यालय में संपर्क कर सकता है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी दलाल के बहकावे में नए आए और निधारित प्रक्रिया के तहत ही बच्चा गोद लेने की कार्रवाई करें। जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि मामला समिति के संज्ञान में आया था। इसी के तहत बच्ची को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत करते हुए विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी में भेज दिया गया है, जहां पर बच्चों की देखरेख एजेंसी के द्वारा की जाएगी और निर्धारित अवधि के पूर्ण होने के पश्चात ही बच्चे को गोदनामा की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा।

### बच्चों के हित में करेंगे कार्य

जिला विकास भवन में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एडवोकेट सतीश कौशिक को कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा ने कुर्सी पर बिठाया और बच्चों के हित में कार्य करने के लिए कहा। कौशिक ने मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा को विश्वास दिलाया कि बच्चों के लिए दिन-रात करके सरकार की जितनी भी योजनाएं उनको लागू करने के प्रयास करेंगे और बच्चों के हित में कार्य करेंगे। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका, एडवोकेट बलवान हुड्डा, एडवोकेट बच्चन राम अरोड़ा, डॉ. सुरेश नांदल, प्रमोद नांदल, सज्जन नांदल, मनीष नांदल, जय भगवान ठेकेदार, दिलबाग सिंह मलिक ठेकेदार, सतीश पहरावर, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप, सदस्य बाल कल्याण समिति के एडवोकेट विकास अत्री अदि रहे।

# महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय 19वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों में जुटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने अपने 19वें दीक्षांत समारोह के आयोजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। यह दीक्षांत समारोह नवंबर 2025 के तीसरे सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। समारोह की तिथि शीघ्र ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर घोषित की जाएगी।

समारोह में मई/जून 2025 में आयोजित स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में पूर्ण श्रेणी (फुल कैटेगरी) में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधियां उन शोधार्थियों को प्रदान की।

### दीक्षांत समारोह पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ

दीक्षांत समारोह से संबंधित पंजीकरण प्रक्रिया 21 अक्तूबर 2025 से 14 नवंबर 2025 तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। इस बार भी पंजीकरण निःशुल्क रहेगा। यह निर्णय शुक्रवार को डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस.सी. मलिक की अध्यक्षता में आयोजित समन्वय समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में विश्वविद्यालय के नियंत्रक परीक्षाएं प्रो. राहुल ऋषि ने कहा कि विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा यह सुनिश्चित करेगी कि पात्र विद्यार्थियों की सूची समय पर तैयार होकर पंजीकरण प्रक्रिया से जुड़ सके। डीन प्रो. एस.सी. मलिक ने बताया कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के लिए जीवन का एक अविस्मरणीय अवसर होता है। कुलपति जी के मार्गदर्शन, विश्वविद्यालय की ओर से सभी व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित और गरिमामय ढंग से सुनिश्चित की जा रही हैं। बैठक में प्रो. बी. नरसिम्हन (निदेशक, आईक्यूएसी), प्रो. आशीष दहिया (निदेशक जनसंपर्क), प्रो. सोनू (डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर), डॉ. जी.पी. सारोहा (निदेशक, यूसीसी) तथा डॉ. महाबीर धनखड़ (सीसीई) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित की

**रोहतक।** सर्व हितकारी सेवा समिति के तत्वाधान में दिवाली के अवसर पर गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल गांव बैंसी में प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों को स्टेशनरी तथा फल वितरित किए गए। संस्था के पदाधिकारी डॉ मनोज रंगा, डॉक्टर आकाश, सुदेश, मोनिका , पूनम, आशा, मंजू, रविंद्र, जितेन्द्र बिड़लान तथा संजय के सहयोग से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉक्टर मनोज रंगा ने बताया कि संस्था जरूरतमंद की मदद के लिए हर संभव प्रयास तथा उनके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य शिक्षा तथा गरीब व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का है।






## केवीएम स्कूल में मनाया दीपावली उत्सव

**रोहतक।** केवीएम स्कूल में दीपावली उत्सव मनाया गया। जिसकी शुरुआत स्पेशल असेंबली से की गई। जिसमें बच्चों ने रामायण पर आधारित सुविचार , समाचार, पहेली पूछी। इसके बाद विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्धा हुई, जिसमें कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के छात्रों ने पेंटिंग की व कक्षा तीसरी से पांचवी तक के छात्रों ने दीया डेकोरेशन किया। सभी गतिविधियों में स्कूल के छात्र व छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने दिवाली से संबंधित कविताएं व राम जी के भजनों पर नृत्य भी किया। स्कूल प्रधानाचार्य मीना कौशिक व प्रीति बजाड़ ने बच्चों को दिवाली की शुभकामनाएं दी और इको फ्रेंडली दिवाली मनाने को कहा।

# स्वामी नितानंद सीनियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाई दीपावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्वामी नितानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ब्राह्मणवास में दीपावली का पर्व बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, दीपों और फूलों से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल डायरेक्टर सुमित मलिक, प्रधानाचार्या नीतिका मलिक, स्कूल प्रबंधक रश्मि देशवाल, उपप्रधानाचार्य अमित कुमार और समस्त अध्यापकगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की भव्य आरती से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने दीपावली से संबंधित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, गीत, कविताएं और नाटक शामिल थे।




### भारतीय संस्कृति दर्शाई

इन प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्कृति और दीपावली के धार्मिक महत्व को सुंदर ढंग से दर्शाया। इसके बाद बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। स्कूल डायरेक्टर सुमित मलिक और प्रधानाचार्या नीतिका मलिक ने सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और सहभागिता के लिए बधाई दी।



## विकल्प पब्लिक स्कूल में रंगारंग विशेष सभा का आयोजन

**रोहतक।** विकल्प पब्लिक स्कूल में भव्य और रंगारंग विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में हर्षोल्लास, सांस्कृतिक एकता तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं प्रार्थना से हुआ, जिसके पश्चात कक्षा नौवीं की छात्रा सिया ने दीपावली के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कक्षा चौथी के विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन पर आधारित एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। इसके उपरांत कक्षा तीसरी की नन्ही छात्रा कायरा ने दीपावली पर सुंदर कविता का सजीव वाचन कर कार्यक्रम को और अधिक उत्सवमय बना दिया।

# आईबी स्कूल में दीपावली मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आई.बी. स्कूल में धनतेरस के शुभ अवसर पर दीवाली मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर को सुंदर रंग-बिरंगी झालरों, दीपों और रंगोली से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। मेले में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के फूड स्टॉल, गेम्स स्टॉल, आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी, दीयों व सजावटी वस्तुओं के स्टॉल लगाए गए। बच्चों ने स्वयं द्वारा निर्मित वस्तुएँ प्रदर्शित कर अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मेले में भाग लिया और पारंपरिक व्यंजनों व खेलों का आनंद उठाया।



### त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान

मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपरा और त्यौहारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुति शामिल थीं। चेयरमैन अमरजीत सिंह ढुल ने सभी को धनतेरस व दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान हैं और हमें इन्हें एकता एवं खुशी के साथ मनाना चाहिए। पूरे कार्यक्रम का संचालन शिक्षकों और विद्यार्थियों की टीम ने सफलतापूर्वक किया। मेले में उमड़ी भीड़ ने इसे यादगार बना दिया। आई.बी. स्कूल परिवार की ओर से सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।



### दीपावली पर जरूरतमंद में बांटें खुशियां: राजेश जैन

रोहतक। एलपीएस बौसार्ड के एमडी राजेश जैन ने कहा कि त्योहारों को सही और सार्थक रूप से मनाने का असली मंत्र है कि हम किसी जरूरतमंदों के जीवन में खुशियां बिखेरें। जरूरतमंदों के चेहरे पर यदि आपके प्रयास से मुस्कान आ जाती है तो आपके त्योहार के साथ-साथ आपका जीवन भी सफल होगा। सेक्टर एक स्थित अपने निवास स्थान पर खुशियों की सौगात कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में अभिनव टोली, एमटीएफसी, माता धनपति चैरिटेबल ट्रस्ट, शिक्षा भारती स्कूल और लखीराम अनाथालय, मानव सेवा संघ कंप्यूटर एंड टिचिंग सैंटर, जन सेवा संस्थान, अंध स्कूल के 1585 बच्चों को स्वास्तिका जैन, शिवानिया जैन व समाजसेवी राजेश जैन, संध्या जैन, स्मृद्धि जैन ने दिवाली का उपहार देकर खुशियां बांटीं और सभी को दीवाली की शुभकामनाएं दी। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि समाजसेवी राजेश जैन ने सभी संस्थाओं की अच्छे कार्य व बच्चों को सही दिशा दिखाने की भरपूर प्रशंसा की। अभिनव टोली के संचालक जगदीप जुगनू ने कहा कि राजेश जैन समय-समय पर टोली के बच्चों की मदद के लिए आगे आते हैं और मदद करते हैं। लखीराम अनाथालय से राजरूप राठी ने समाज सेवी राजेश जैन को संस्था की तरफ से स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने मदद करने के लिए समाजसेवी राजेश जैन का आभार जताया।

# एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

माता दरवाजा गऊ कर्ण रोड स्थित एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्री गणेश - लक्ष्मी व श्री राम का पूजन कर प्रतियोगिता का आरंभ किया गया। इस प्रतियोगिता को तीन वर्गों में विभाजित किया गया। प्रथम वर्ग में कक्षा पहली से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें विद्यार्थियों ने एटलस प्रतियोगिता के माध्यम से अपने भौगोलिक शब्द रचना ज्ञान का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान अक्षि, द्वितीय स्थान अंबर एवं तृतीय स्थान अवध सदन ने प्राप्त किया। द्वितीय वर्ग में कक्षा चौथी और पांचवीं के विद्यार्थियों ने एटलस, ओड वन आउट ,वर्ड डिक्शनरी, शब्द सीढ़ी



प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान अंबर ,द्वितीय स्थान अग्नि और तृतीय अक्षि सदन ने प्राप्त किया। तृतीय वर्ग में कक्षा छह से नौवीं तक के विद्यार्थियों ने अंताक्षरी प्रतियोगिता में अपने मन , मस्तिष्क व गीत कौशल का प्रदर्शन करते हुए अंबर सदन ने प्रथम स्थान, अक्षि द्वितीय स्थान और वहीं अग्नि सदन तृतीय स्थान पर रहा।

### छात्रों ने लगाई स्टॉल

विजेता सदन के सभी प्रतिभागियों को स्वर्ण ,रजत एवं कांस्य पदक से पुरस्कृत किया गया। दीवाली मेले में विद्यार्थियों द्वारा हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ एवं विभिन्न मनोरंजक खेलों के स्टॉल लगाए गए। शिक्षा के साथ-साथ सह शिक्षा का आयोजन करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक सामूहिक एकता एवं वित्तीय साक्षरता कौशल का विकास करना है।

# जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के बच्चों ने मनाई दीपावली

**रोहतक।** जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों ने बड़े धूमधाम से सौहार्द प्रेम व ज्ञान के दीपों का त्योहार दीपावली उत्सव मनाया। इस उत्सव पर विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित अनेक गतिविधियों का दृश्य अति मनमोहक व ज्ञानप्रद रहा, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता लक्ष्मी व भगवान श्री गणेश के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर हुई विशेषसभा में छात्रों ने पुरुषोत्तम श्रीराम तथा माता सीता के जीवन पर कविता, भाषण, गीत व नृत्य आदि के माध्यम से रंगारंग प्रस्तुतियां दी। सभी छात्रों ने अपनी-अपनी कक्षाओं को सजाकर व रंगोली बनाकर कलात्मकता का प्रदर्शन किया और धार्मिक परंपराओं को सीखते हुए व बच्चों ने दीपोत्सव की खुशियां मनाई। इस अवसर पर विद्यालय में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसके अंतर्गत यूकेजी के विद्यार्थियों ने दीपों को रंग करके सजाया। कक्षा पहली से दूसरी में दीपक डेकोरेशन प्रतियोगिता में शिवन्या, हनविका,भूमि, कार्तिक, कार्तिक गौतम, आयुष कियांश ,जयेश, अंशिका, दक्ष वर्धन सौभाग्य, रीवा, पीहू, निहारिका, पुनीत, गौरिका विजेता रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ ममता मलिक ने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा यह प्रकाश का पर्व हमें अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का संदेश देता है।



# ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, कारोर में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई। जब विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता टीमें विजय यश पताका फहरा कर विद्यालय प्रांगण में पहुंची। तालियों की गड़गड़ाहट और गगन भेदी नारों के बीच विजेता विद्यार्थियों का जोरदार स्वागत किया गया। अभिमन्यु 30 किलो वर्ग कुश्ती, पनव ने कैरम बोर्ड में तथा हरनूर ने 200 मीटर रेस में और विन्सी ने हाई जम्प में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी में तीसरी कक्षा की लड़कियों ने द्वितीय तथा खो-खो में तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी में चार विद्यार्थियों अयान, पनव, अवनि तथा अश्मि का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के के लिए हरियाणा टीमों में सिलेक्शन किया गया है।



### छात्रों को पटाखे न फोड़ने के लिए किया प्रेरित

बाल- भवन रोहतक में आयोजित प्रतियोगिताओं में भी प्राची कक्षा नौवीं ने रंगोली में द्वितीय, अर्पिता कक्षा पांचवी ने लेखन प्रतियोगिता में तृतीय, छठी कक्षा की प्रियांशी ने कार्ड मेकिंग में द्वितीय और बारहवीं कक्षा की वंशिका ने रंगोली में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्या ज्योति मलिक और संस्था के निर्देशक प्रख्यात विद्वान ईश्वर सिंह ने विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए पटाखे न फोड़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर सुमन गहलावत, सीमा शर्मा, नरेश कुमारी, नरेन्द्र अहलावत, निर्मला, मलिक, बबीता दूहन, जयदीप जांगड़ा, मंजू सिंधु, ज्योति सिंधु, स्वीटी ढाका, यशवंती अहलावत, प्रेम शर्मा, रसना दलाल, सरजीत सिंह, डिम्पल भारद्वाज, रीतू, भावना, कृति, चंद्रिका आदि स्टाफ गण की उपस्थिति प्रेरणा दी।

छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में डेटा आधारित समाधान और विश्लेषण प्रस्तुत किए

# एमडीयू के सांख्यिकी विभाग द्वारा चौथा विश्व सांख्यिकी दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के सांख्यिकी विभाग द्वारा आज चौथे विश्व सांख्यिकी दिवस का आयोजन किया। इस वर्ष की वैश्विक थीम हर किसी के लिए गुणवत्तापूर्ण आंकड़े और डेटा रही, जो आंकड़ों की पारदर्शिता, विश्वसनीयता और समावेशिता की आवश्यकता को रेखांकित करती है। इस अवसर को विशेष बनाने के लिए विभाग ने पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेटा एनालिटिक्स के छात्रों के लिए एक प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में डेटा आधारित समाधान और विश्लेषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष प्रो. एस. सी. मलिक के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने विश्व सांख्यिकी दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें याद दिलाता है कि किस प्रकार सटीक और समयबद्ध आंकड़े नीति निर्माण, सतत विकास और सुशासन में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सांख्यिकी केवल संख्याओं का खेल नहीं है, बल्कि यह निर्णयों के पीछे की ठोस बुनियाद है जो सरकारों, संगठनों और शोधकर्ताओं को जटिल समस्याओं का समाधान खोजने में सहायता करती है।




### आने वाला समया डेटा वैज्ञानिकों व सांख्यिकीविदों का

मुख्य अतिथि और निर्णायक के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. मुकेन्द्र सिंह ने शिरकत की। उन्होंने अपने उद्बोधन में आंकड़ों की गुणवत्ता को समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि डेटा वैज्ञानिकों और सांख्यिकीविदों की भूमिका आने वाले समय में और भी महत्वपूर्ण होने वाली है। उन्होंने छात्रों को मशीन लर्निंग और डेटा साइंस जैसे उभरते क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

### प्रोजेक्ट प्रस्तुति प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में कुल 17 छात्रों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, जिनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वित्त, ऊर्जा, स्वास्थ्य और सार्वजनिक नीति जैसे विविध क्षेत्रों को शामिल किया गया। सभी प्रस्तुतियाँ व्यावहारिक दृष्टिकोण और विश्लेषणात्मक गहराई से भरपूर थीं। कार्यक्रम के समन्वय की जिम्मेदारी डॉ. नवीन नांदल और डॉ. राहुल ने निभाई, जबकि शोधार्थियों की टीम ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुश्री मोनिका को उनके प्रोजेक्टएआई और भविष्य की नौकरियाँ: अगली पीढ़ी के लिए कार्य का रूपांतरण के लिए प्राप्त हुआ।

तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार 19 अक्टूबर 2025

## एमडीयू में पीएचडी में दाखिले के लिए रजिस्ट्रेशन 23 अक्टूबर से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों/संस्थानों/केंद्रों तथा गुरुग्राम स्थित सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज (एमडीयू-सीपीएएस) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पीएच.डी. कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि पीएचडी पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 23 अक्टूबर से प्रारंभ होंगे और ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 7 नवंबर 2025 रहेगी। प्रॉस्पेक्टस जिसमें कार्यक्रम का नाम, पात्रता, स्वीकृत सीटें, शुल्क, प्रवेश प्रक्रिया आदि सभी जानकारी उपलब्ध होगी, विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.mdu.ac.in** पर उपलब्ध रहेगा।




## विद्यार्थियों ने मनाया दिवाली मेला

# पीजीआईएमएस में आर्म्सकान वेबसाइट लॉन्च, ब्रोशर का अनावरण

### कुलपति कार्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आर्म्सकान 2025 की तैयारी पर चर्चा की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. एच के अग्रवाल उपस्थित थे। शाम को सुश्रुत सभागार में विद्यार्थियों द्वारा दिवाली मेले का आयोजन किया गया। जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज और आर्म्सकान के ऑर्गेनाइजर डॉ वरुण अरोड़ा ने बताया कि डॉ.एच के अग्रवाल ने इस अवसर पर आर्म्सकान 2025 के लिए बनाई गई वेबसाइट को ऑनलाइन माध्यम से लॉन्च किया और आर्म्सकान 2025 के ब्रोशर का अनावरण भी किया।

#### विद्यार्थियों को मिलेगी बेहतर जानकारी

डॉ. एच के अग्रवाल ने कहा कि आर्म्सकान 2025 की तैयारी के लिए विश्वविद्यालय पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और छात्रों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे आर्म्सकान 2025 की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत करें और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। डॉ एच के अग्रवाल ने बताया कि इस बैठक में आर्म्सकान की तैयारी के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि वेबसाइट लॉन्च होने से छात्रों को आर्म्सकान के बारे में जानकारी प्राप्त करने में आसानी होगी। वहीं, ब्रोशर के अनावरण से छात्रों को आर्म्सकोम 2025 के बारे में विस्तृत जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा यह फेस्ट आयोजित किया जाता है जो कि काबिले तारीफ है।कुलसचिव डॉक्टर रूप सिंह ने बताया कि 27 से 29 अक्टूबर तक चलने वाले इस फैस्ट में दिन में जहां बच्चों को वर्कशॉप के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा वहीं शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।



**कार्यक्रम में यह रहे मौजूद**

*इस अवसर पर कुल सचिव डॉ. रूप सिंह, निदेशक डॉ. एसके सिंघल, डीन अकादमिक अफेयर्स डॉ. एमजी वशिष्ठ, पीजीआईएमएस के डीन डॉ. अशोक चौहान, चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुंदन मित्तल, डीन छात्र कल्याण डॉ. सविता सिंघल, जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉक्टर वरुण अरोड़ा, डॉ उमेश यादव, डॉक्टर हरनीत सिंह और अन्य उपस्थित थे।*

#### स्टाफ की संख्या बढ़ाई

दीपावली के दौरान संभावित मरीजों की भीड़ को देखते हुए, पीजीआईएमएस रोहतक प्रशासन के निर्देश पर धन्वंतरि एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में आपातकालीन सेवाओं के लिए स्टाफ की संख्या बढ़ा दी गई है। सीनियर प्रोफेसर एवं इंचार्ज ट्रॉमा सेंटर ने ऑर्थोपेडिक्स, जनरल जरी, न्यूरोसर्जरी, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी, नेत्र रोग तथा अन्य संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

#### सभी विभागों से अनुरोध

सभी विभागों से अनुरोध किया गया है कि वे दीपावली के दोनों दिनों और अगले दिन अतिरिक्त डॉक्टरों एवं रेजिडेंट्स की ड्यूटी लगाएँ। बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग तथा नेत्र विभाग को तत्काल उपचार सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।ट्रायेज क्षेत्र में मरीजों की सुविधा के लिए रोगी ट्रॉलियों की संख्या बढ़ाई गई है। इसके अतिरिक्त, एक जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर को भी ऑन कॉल रखा गया है ताकि मरीजों की अचानक बढ़ती संख्या का शीघ्रता से सामना किया जा सके।

## पैरा खिलाड़ी संदीप दांगी ने एशियन चैम्पियनशिप में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


सेक्टर चार के रहने वाले पैरा खिलाड़ी संदीप दांगी ने चाइना के बिजिंग में हुई एशियन चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीत कर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी जीत पर उनके परिजनों में खुशी का माहौल है। परिजनों ने बताया कि संदीप दांगी के करीब 9 वर्ष पहले एक सड़क दुर्घटना में रीढ़ की हड्डी के कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए थे। डाक्टरों ने साफ कह दिया था कि वह दोबारा खड़े नहीं हो सकेंगे। उनका 90 प्रतिशत शरीर काम करना बंद कर चुका था, लेकिन संदीप ने हार नहीं मानी। उन्होंने घर पर ही टेबल टेनिस खेलने की शुरुआत की। पहले यह शौक था, फिर यही जुनून बन गया। पैरा एशियन गेम्स में उनका प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा, क्योंकि वे देश के लिए एकल वर्ग में मेडल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने।



#### पहले भी जीते अनेक पदक

इसके साथ ही वर्ष 2019 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ओपन टेबल टेनिस में ब्रांज मेडल, वर्ष 2021 में पैरा नेशनल टेबल टेनिस में गोल्ड मेडल, वर्ष 2022 में पैरा नेशनल टेबल टेनिस में गोल्ड मेडल, वर्ष 2022 में ही थाईलैंड में आयोजित ओपन चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल, वर्ष 2023 में नेशनल टेबल टेनिस में गोल्ड मेडल, वर्ष 2023 में थाईलैंड में ओपन चैंपियनशिप में ब्रांज मेडल, वर्ष 2023 में आयोजित एशियन पैरा गेम्स 2022 में ब्रांज मेडल, वर्ष 2024 में नेशनल टेबल टेनिस में गोल्ड मेडल, वर्ष 2025 में आइटीटीएफ वर्ल्ड पैरा फ्यूचर ताइपे 2025 में टेबल टेनिस में ब्रांज मेडल हासिल कर चुके हैं।






## बच्चों को स्टेशनरी की वितरित

**रोहतक।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड में आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा, हरियाणा के तत्वावधान में 6 अक्तूबर से 29 अक्तूबर 2025 तक 'वैदिक संस्कार पुण्यमास' का आयोजन किया जा रहा है। दीपावली के पावन अवसर पर विद्यालय के कक्षा छटी व सातवीं के विद्यार्थियों ने चौ. लखी राम आर्य जगन्नाथ अनाथालय, दयानन्द मठ गोहाना रोड में जाकर बच्चों को स्टेशनरी, मिठाई व अन्य जरूरत का सामान वितरित किया। विद्यार्थियों के साथ मंजू आहूजा, इंचार्ज, स्वीन सचदेवा व बिन्दू, शिक्षिकाएं व अभय ओझा, धर्मशिक्षक पहुंचे। प्रधानाचार्य शंकर लाल ने आर्य युवा समाज डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल, रोहतक द्वारा मानवता की भलाई के लिए किए गए इस प्रयास की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा इसे भविष्य में भी जारी रखने हेतु प्रेरित किया।



## अंतर कक्षा गतिविधियों का आयोजन

**रोहतक।** एसडी पब्लिक स्कूल, बालंद में दीपावली के शुभ अवसर पर अंतर कक्षा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में तोरण मेकिंग, बोर्ड सजावट, रंगोली मेकिंग, द्वार सजावट आदि प्रतियोगिताएं शामिल थीं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी सृजनात्मकता और कला कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति एवं पारंपरिक त्योहारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। स्कूल परिसर रंग-बिरंगी सजावट, दीपों और खुशियों की रोशनी से जगमगा उठा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सत्य देव सिगरोहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पर्यावरण की रक्षा करते हुए 'ईको-फ्रेंडली' दीपावली मनानी चाहिए। उन्होंने संदेश दिया कि दीपावली का सच्चा आनंद तभी है जब हम प्रकृति, पशु-पक्षियों और समाज के प्रति संवेदनशील रहें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम सफलतापूर्वक और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।






# दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

LPS BOSSARD
Proven Productivit




## माँ लक्ष्मी जी की आरती

जय लक्ष्मी माता, मैया जय लक्ष्मी माता।
तुमको निशदिन सेवत, हर विष्णु धाता।
\ जय...

उमा, रमा, ब्रह्माणी, तू ही है जगमाता।
सूर्य-चन्द्रमा ध्यावत, नारद ऋषि गाता।।
\ जय...

दुर्गा रूप निरंजनि, सुख सम्पत्ति दाता।
जो कोई तुमको ध्यावत, ऋद्धि-सिद्धि धन पाता।।
\ जय...

तुम पाताल निवासिनि, तुम ही शुभ दाता।
कर्म-प्रभाव-प्रकाशिनि, भवनिधि से त्राता।।
\ जय...

जिस घर में तुम रहती, तहाँ सब सद्गुण आता।
सब सम्भव हो जाता, मन नहीं घबराता।।
\ जय...

तुम बिन यज्ञ न होते, वस्त्र न कोई पाता।
खान-पान का वैभव, सब तुमसे आता।।
\ जय...

शुभ गुण मन्दिर सुन्दर, क्षीरोदधि जाता।
रत्न चतुर्दश तुम बिन, कोई नहीं पाता।।
\ जय...

महालक्ष्मी जी की आरती, जो कोई नर गाता।
उर आनन्द अति उपजे, पाप उतर जाता।।
\ जय...

## महालक्ष्मी नमस्तुभ्यं, नमस्तुभ्यं सुरेश्वरि। हरिप्रिये नमस्तुभ्यं, नमस्तुभ्यं दयानिधे।।

## पूजन विधि

घर के पूजा स्थल को अच्छे से स्वच्छ करें। एक लकड़ी की चौकी पर लाल वस्त्र बिछाएं और वस्त्र पर अक्षत अर्थात साबुत चावलों की एक परत बिछा दें। इस पर श्री लक्ष्मी गणेश जी की प्रतिमा को विराजमान करें। यदि घर में श्री लक्ष्मी गणेश जी का चांदी का सिक्का और श्रीयंत्र भी हो तो उन्हें भी इसी आसन पर स्थापित करें। पूजन के लिए जल का लोटा, गंगाजल, फूल, फल, मिठाई, खील, बताशे, मौली और रोली आदि रखें। लक्ष्मी गणेश जी के पूजन के लिए घी का एक दीपक बनाएं अन्य दीयों में सरसों के तेल का प्रयोग कर सकते हैं। सर्वप्रथम घी का दीया प्रज्वलित करें। विधि-विधान से भगवान गणेश जी और माता लक्ष्मी जी की पूजा करें।

*ॐ ह्रीं श्रीं लक्ष्मीभयो नमः॥*
*ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद*
*ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्मये नमः॥*
*ॐ श्री महालक्ष्म्यै च विद्महे विष्णु पत्न्यै च*
*धीमहि तन्नो लक्ष्मी प्रचोदयात् ॐ॥*

इस मंत्र जाप के पश्चात मां लक्ष्मी जी और भगवान गणेश जी के पास ऊपर लिखित पूजा सामग्री अर्पित करें और अधिक से अधिक ध्यान करें। भगवान गणेश जी और मां लक्ष्मी जी की आरती जरूर करें। आरती के बाद घर के सभी सदस्यों को प्रसाद वितरण करें।



## अहिंसा परमो धर्मः

**अहिंसाः**
किसी भी सजीव प्राणी को मानसिक या शारीरिक रूप से कोई भी कष्ट न पहुँचाना ही अहिंसा है।

**सत्यः**
कितना भी कठिन हो, असत्य न बोलना और हमेशा सच का साथ देना।

**अस्तेय (अचौर्य):**
दूसरों की किसी भी वस्तु या विचार की चोरी न करना।

**ब्रह्मचर्य (अमैथुन):**
इंद्रियों पर पूर्ण नियंत्रण रखना और मन, वचन, कर्म से पवित्र रहना।

**अपरिग्रहः**
सांसारिक वस्तुओं या विचारों का आवश्यकता से अधिक संग्रह न करना।

वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ

गीले, सूखे कचरे व प्लास्टिक के लिए अलग-अलग कूड़ेदान का उपयोग करें।

हर घर स्वदेशी
घर-घर स्वदेशी

प्राकृतिक खेती अपनाएं और जहर मुक्त भोजन खाएं

LPS BOSSARD
Proven Productivity

UPS LAKSHMI

BP Jain Skill Development Centre